प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
सांध्यकालीन समाचार
दिनांक : 21.09.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को किया संबोधित, कहा कल नवरात्र से शुरू होगा जीएसटी बचत उत्सव।
- मुख्यमंत्री कल भोपाल के चौक बाजार में व्यापारियों और आमजन से करेंगे जीएसटी पर संवाद।
- मुख्यमंत्री ने आज वृन्दावन धाम में कथा कार्यक्रम में हिस्सा लिया और वीर जवानों को किया सलाम।
- एशिया कप टी–20 के सुपर फोर में आज भारत–पाकिस्तान का रोमांचक मुकाबला रात आठ बजे से।
- प्रदेश में हल्की बारिश का सिलसिला जारी, भोपाल के कलियासोत और भदभदा डेम के गेट खोले गए।

प्रधानमंत्री–संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्र को संबोधित करते हुए घोषणा की कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे। उन्होंने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव कल से शुरू होगा, जिससे लोगों को आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर कम कीमत का लाभ मिलेगा।

बाइट–प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार ने कर प्रणाली को सरल बनाया है। आवश्यक वस्तुएँ, दवाइयाँ और स्वास्थ्य बीमा 5 प्रतिशत कर के दायरे में रखी गई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और मध्यवर्ग को अब सामान व पर्यटन दोनों पर कम खर्च करना होगा।

प्रधानमंत्री ने नागरिक देवो भवः के मंत्र के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाने का आह्वान किया।

जीएसटी संवाद–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भोपाल के चौक बाजार में व्यापारियों और आमजन से जीएसटी पर संवाद करेंगे। कार्यक्रम भवानी मंदिर, सोमवारा चौक से शुरू होगा। मुख्यमंत्री माता मंदिर में दर्शन–पूजन के बाद पैदल भ्रमण करते हुए व्यापारियों और ग्राहकों से जीएसटी से जुड़ी जानकारी साझा करेंगे। इस अवसर पर वे जीएसटी रेज़ोल्यूशन की प्रतियां वितरित करेंगे और व्यापारियों की जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे। मुख्यमंत्री चौक बाजार में स्वदेशी हैंडलूम और खादी परिधानों की खरीदी भी करेंगे तथा सभी को डिजिटल

पेमेंट प्रणाली से जुड़ने का संदेश देंगे। इसके बाद मोतीलाल मन्नूलाल धर्मशाला में संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे।

<u>सेवा पर्व</u>

सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार देश में परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए कार्य कर रही है। आज विशेष श्रृंखला–'सेवा पर्व' में हम आपको बताएंगे कि मोदी सरकार ने किस प्रकार किसानों की वित्तीय सुरक्षा को मजबूत किया है।

भोर की पहली किरण के साथ जब सुनहरे खेत आशा से झिलमिलाते हैं, तब हमारे किसान राष्ट्र की प्रगति के केंद्र में खड़े नज़र आते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए ठोस सुधारों की शृंखला ने किसानों की आय को अनिश्चितता से निकालकर समृद्धि की ओर अग्रसर किया है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है –

बाइट–प्रधानमंत्री

केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का अंदाज़ इसी बात से लगाया जा सकता है कि बजटीय आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2013–14 में यह सिर्फ 27 हज़ार करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक था, जो आज बढ़कर 1 लाख 37 हज़ार करोड़ रुपये से भी अधिक हो गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) के माध्यम से अब तक 11 करोड़ से अधिक किसानों को सीधे आय सहायता प्रदान की जा चुकी है।

किसानों को वित्तीय सशक्त बनाने के प्रयासों को और मजबूत करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड का विस्तार किया गया है, वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम और बाजार की अनिश्चितताओं से सुरक्षा का जाल बुनती है।

वहीँ प्रदेश में केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रायसेन के अवंतिका कालोनी में सेवा पखवाड़े के तहत मंदिर की साफ–सफाई में भाग लिया। नागरिकों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और स्वच्छता की शपथ ली।

<u>प्रधानमंत्री–त्रिपुरा</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल त्रिपुरा की यात्रा पर हैं। वे प्रसाद योजना के अंतर्गत माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर परिसर में नव–विकसित बुनियादी सुविधाओं और सौंदर्यीकरण कार्यों का उद्घाटन करेंगे।

## मुख्यमंत्री–मथुरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज वृन्दावन धाम, मथुरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाने वाले वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता जताई।

## परिवहन विभाग–विशेष अभियान

प्रदेश में सड़क सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए परिवहन विभाग कल से दो सप्ताह का विशेष अभियान चलाएगा। इस दौरान सभी जिलों में वाहनों की चेकिंग की जाएगी।अभियान में अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड किट और रेट्रो रिफ्लेक्टिव न होने पर कार्रवाई होगी। साथ ही ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट लेकर स्टेज कैरिज के रूप में चल रही बसों और मोटरयान कर जमा न करने वाले वाहनों पर कार्यवाही की जाएगी।

## खेल

एशिया कप टी. ट्वेंटी क्रिकेट के सुपर फोर मुकाबले में आज दुबई में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। यह मैच रात आठ बजे खेला जाएगा।

भारत के आनंदकुमार वेलकुमार ने विश्व स्पीड स्केटिंग चैम्पियनशिप में पुरुषों की 42 किलोमीटर की मैराथन में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। चीन में आयोजित इस चैंपियनशिप में आनंद ने दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता।

## मौसम

प्रदेश में भारी बारिश से राहत मिली है, हालांकि हल्की बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने बडवानी ,अलीराजपुर और धार के लिए  यलो अलर्ट जारी किया है। कल भोपाल, इंदौर सहित 25 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा एक इंच पानी दर्ज हुआ। बारिश से डैमों का जलस्तर बढ़ने पर भोपाल के कलियासोत और भदभदा डेम के गेट खोले गए, जबकि केरवा डेम के गेट अब तक बंद हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम में आज अमावस्या के मौके पर नर्मदा घाटों पर लाखों श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचे। इस दौरान विशेष पूजा–पाठ और तांत्रिक विधियां भी आयोजित हुईं।
- खंडवा में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आज नगर पालिक निगम एवं जिला पंचायत खंडवा द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता मैराथन का आयोजन किया गया।
- गुना में सेवा पखवाड़ा अभियान एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आज सुबह लक्ष्मीगंज शास्त्री पार्क से साइकिल रैली एवं मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।
- खरगोन में पर्यटन विभाग द्वारा फिट इंडिया मिशन के तहत 'फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज' थीम पर 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया।
- मैहर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया अभियान के तहत फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

- इंदौर में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आज राजीव गांधी चौराहे से भँवरकुंआ चौराहे तक नमो मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।
- पन्ना मे सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत आज छत्रसाल पार्क से साइकिल रैली निकाली गई।
- जबलपुर में आत्म निर्भर भारत–विकसित भारत की थीम पर आयोजित नमो मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें हजारों युवाओं ने हिस्सा लिया।

................................